संख्या-145 /2021/542/तेइस-14-2021-05आ0जि0यो0/2018

प्रेषक,

महेश कुमार,
संयुक्त सचिव।
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

प्रमुख अभियन्ता (विकास) एवम् विभागाध्यक्ष
लोक निर्माण विभाग,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

लोक निर्माण अनुभाग-14 लखनऊ: दिनांक- 25 मार्च, 2021

विषय- अनुदान संख्या-58 जिला योजना (नवनिर्माण) के अन्तर्गत चालू वित्तीय वर्ष 2020-21 में 09 चालू कार्यों हेतु वित्तीय स्वीकृति के संबंध में ।

महोदय,

उपर्युक्त विषय में मुख्य अभियन्ता (मु0-1) लोक निर्माण विभाग, लखनऊ के पत्रांक-12931बी0जी0/7बी0-मांग/2020-21, दिनांक 10.03.2021 द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रस्तावों के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि चालू वित्तीय वर्ष 2020-21 में अनुदान संख्या-58 जिला योजना (नवनिर्माण) चालू कार्य के अन्तर्गत संलग्न **सूची** में उल्लिखित जनपदों की कुल 09 जिला योजना (नवनिर्माण) चालू परियोजनाओं हेतु सूची की तालिका के स्तम्भ-6 में अंकित कुल स्वीकृत लागत धनराशि रू0 452.54 लाख के सापेक्ष स्तम्भ-10 में उल्लिखित धनराशि रू0 2,31,50,000.00 (रूपये दो करोड़ इकतीस लाख पचास हजार मात्र) निम्नलिखित शर्तो एवं प्रतिबंधों के अधीन अवमुक्त किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:-

1- कार्य की विशिष्टियां मानक व गुणवत्ता तथा स्वीकृत मात्राओं की जिम्मेदारी निर्माण के समय सुनिश्चित किये जाने का उत्तरदायित्व प्राविधिक स्वीकृति प्रदान करने वाले सक्षम अधिकारी का होगा तथा कार्य एवं फण्डिंग की डुप्लीकेसी न हो एवं कार्य समय से पूर्ण हो, यह भी सुनिश्चित कर लिया जायेगा।

2- स्वीकृत धनराशि एकमुश्त न आहरित कर आवश्यकतानुसार आहरित कर व्यय की जायेगी तथा आहरित धनराशि बैंक/डाकघर में न रखी जाये। स्वीकृत धनराशि अनुमोदित कार्यों पर ही व्यय की जायेगी।

3- मिट्टी का कार्य मनरेगा से कराया जायेगा तथा मनरेगा अंश की धनराशि राज्य सरकार के खाते से अवमुक्त नहीं की जायेगी।

4- धनराशि का आहरण उपलब्ध परिव्यय की सीमा के अन्तर्गत ही किया जाय।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

5- आहरण के पूर्व यह भी सुनिश्चित कर लिया जायेगा कि कार्य जिला योजना समिति से अनुमोदित है।

6- आवंटित धनराशि का आहरण करने के पूर्व यह सुनिश्चित कर लिया जाय कि पूर्व आबंटित धनराशि का सदुपयोग कर लिया गया है एवं कार्य का स्थलीय निरीक्षण कर लिया गया है ।

7- परियोजनान्तर्गत विभिन्न निर्माण कार्य/व्यय शासन द्वारा स्वीकृत आगणन के अनुसार ही किये जायेगें। जिन परियोजनाओं में सम्पूर्ण धनराशि आवंटित की जा चुकी है, उन परियोजनाओं को गुणवत्तायुक्त पूर्ण कराकर पूर्णता प्रमाण पत्र फोटोग्राफ्स सहित शासन को उपलब्ध कराया जायेगा ।

8- निर्माण कार्य में प्रयोग की जाने वाली सामग्री का क्रय स्टोर परचेज नियमों तथा समय-समय पर जारी तत्सम्बन्धी शासनादेशों एवं नियमों के अनुसार ही किया जायेगा तथा कार्य के आगणन पर यथा स्थिति सक्षम अधिकारी की तकनीकी स्वीकृति प्राप्त कर ली जायेगी। उक्त परियोजनाओं के लिए स्वीकृत धनराशि का व्यय परियोजना की विस्तृत ड्राइंग/डिजाइन व सर्वेक्षण रिपोर्ट तथा सक्षम अधिकारी की तकनीकी स्वीकृति प्राप्त होने के पश्चात सुनिश्चित किया जायेगा।

9- परियोजनाओं में जनपद स्तर पर कोई संशोधन/परिवर्तन नहीं किया जा सकेगा।

10- परियोजना पूर्ण होने के उपरान्त यदि कोई धनराशि अवशेष रह जाती है तो अवशेष बच रही धनराशि को ट्रेजरी चालान के माध्यम से कोषागार में सुसंगत लेखा शीर्षक के अन्तर्गत जमा कराकर ट्रेजरी चालान की प्रमाणित प्रति शासन को उपलब्ध करायी जाय।

11- प्रमुख अभियन्ता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष, लोक निर्माण विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा यह सुनिश्चित कर लिया जायेगा कि जिला योजना (नवनिर्माण) चालू कार्य के अन्तर्गत संलग्न सूची में उल्लिखित 09 कार्यों हेतु किसी भी स्थिति में उनकी स्वीकृत लागत से अधिक धनराशि आवंटित न की जाय तथा निर्माण कार्यों को गुणवत्तायुक्त पूर्णकर पूर्णता प्रमाण पत्र एवं फोटोग्राफ उपलब्ध कराया जाय।

2- इस संबंध में होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2020-21 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या-58 के अन्तर्गत "लेखाशीर्षक-5054-सडकों तथा सेतुओं पर पूँजीगत परिव्यय-04 जिला तथा अन्य सडकें-337-सड़क निर्माण कार्य-13-एक मुश्त व्यवस्था-1318-कृषि विपणन सुविधाओं हेतु ग्रामीण मार्गो के चालू निर्माण कार्यों हेतु व्यवस्था (जिला योजना)-24-वृहत निर्माण कार्य" के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त (आय व्ययक) अनुभाग-1 के शासनादेश संख्या-4/2020/बी-1-192/दस-2020-231/2020, दिनांक 07 अप्रैल, 2020 में प्रतिनिधानित अधिकारों के अन्तर्गत जारी किये जा रहे हैं।

संलग्नक-यथोक्त।

भवदीय,

महेश कुमार
संयुक्त सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

संख्या-145/2021/542(1)/23-14-2021-तददिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) उ0प्र0, प्रयागराज ।

2- महालेखाकार, लेखा परीक्षा प्रथम व द्वितीय, प्रयागराज ।

3- मण्डलायुक्त, सम्बन्धित मण्डल ।

4- जिलाधिकारी/मुख्य/वरिष्ठ कोषाधिकारी, सम्बन्धित जनपद के अनुसार।

5- मुख्य अभियन्ता (मुख्यालय-1) लोक निर्माण विभाग को उनके उक्त संदर्भित पत्र दिनांक 10.03.2021 के संदर्भ में ।

6- मुख्य अभियन्ता (मुख्यालय-1) लोक निर्माण विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ ।

7- मुख्य अभियन्ता, सम्बन्धित क्षेत्र, लोक निर्माण विभाग ।

8- सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग ।

9- वरिष्ठ आडिट आफीसर (आडीटर प्लांनिंग) कार्यालय महालेखाकार, लेखा परीक्षा प्रथम सत्यनिष्ठ भवन, 15 नार्थहिल रोड, प्रयागराज ।

10- वेब अधिकारी, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0, लखनऊ ।

11- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-8/लोक निर्माण अनुभाग-10

12- गार्ड फाइल ।

आज्ञा से,

महेश कुमार
संयुक्त सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

शासनादेश संख्या-145 /2021/542/23-14-2021-05आ0जि0यो0/2018

दिनांक- 25 मार्च, 2021 का संलग्नक

(रू0 लाख में)

क्र0 सं0	खण्ड का नाम	कार्य का नाम	शासनादेश संख्या	लम्बाई कि0मी0 में	स्वीकृत लागत	31.03.2020 तक आवंटन /व्यय	01.04.2020 को अवशेष	वर्ष 2020–21 में आवंटन	वित्तीय वर्ष 2020–21 में आवंटित धनराशि
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
1	नि0ख0–1 खीरी	ग्राम सभा नारीबेहड़ में कमलेश पाण्डेय के घर से पेन्टेड रोड तक सी0सी0 रोड का निर्माण कार्य।	136/2019/230/23–14–2019–04आ0जि0यो0/2018, दि0–10.03.2019	0.35	31.49	17.04	14.45	0.00	**14.45**
2	नि0ख0–1 उन्नाव	ढ़किया से टॉडा सातन मार्ग का निर्माण कार्य ।	136/2019/230/23–14–2019–04आ0जि0यो0/2018, दि0–10.03.2019	0.65	37.01	14.00	23.01	7.00	**16.01**
3	नि0ख0 कासगंज	हिम्मतनगर बझेरा मार्ग से नगला खुर्द (जिलौल) मार्ग का नव निर्माण कार्य।	07/2020/65/तेईस–14–2020–01आ0जि0यो0/2019, दिनांक– 06.02.2020	0.50	31.88	1.50	30.38	0.00	**10.00**
4	नि0ख0–1 अलीगढ़	पनैठी–गड़राना मार्ग से बलरामपुर मार्ग का निर्माण कार्य।	09/2020/67/तेईस–14–2020–01आ0जि0यो0/2019, दिनांक– 06.02.2020	2.20	103.81	10.38	93.43	0.00	**93.43**
5	प्रा0ख0 रामपुर	जीतनगर होते हुए खेड़ा कचनाल मार्ग का नव निर्माण का कार्य।	शासनादेष स0–20/2020/126/तेइस–14–2020–04आ0जि0यो0/19,दि0 03.03.2020।	0.21	14.79	4.73	10.06	0.00	**10.06**
6	प्रा0ख0 रामपुर	गुलामगंज धीमरी मार्ग से पदपुरी की गोटिया का नव निर्माण ।	शासनादेष स0–20/2020/126/तेइस–14–2020–04आ0जि0यो0/19,दि0 03.03.2020।	0.50	30.90	10.70	20.20	0.00	**20.20**

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

7	प्रा0ख0 बस्ती	कप्तानगंज दुबौलिया मार्ग कि0मी0 2 से प्यारी दूबी इण्टर कालेज कि0मी0 1 से राजाजोत कला हरिजन बस्ती मार्ग।	33/2020/155/तेइस–14–2020–17 आ0जि0यो0/2020 ,दि0 26.03.2020	0.40	20.41	1.56	18.85	0.00	**18.85**
8	नि0ख0–2 हरदोई	छोटी धनुईया सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य।	126/तेइस–14–2020–04आ0जि0यो0/19 ,दि0 03.03.2020।	0.50	28.63	2.57	**26.06**	0.00	**24.28**
9	प्रा0ख0 मेरठ	गोविन्दपुरी पंचायत घर से लेकर खरखौदा कौल मार्ग के कि0मी0 02 तक सड़क निर्माण का कार्य।	519/2016/73 आ0जि0यो0/तेईस–14–2016–73 आ0जि0यो0/16, दिनांक– 26.12.2016	2.50	153.62	114.50	**39.12**	0.00	**24.22**
			योग	**7.81**	**452.54**	**176.98**	**275.56**	**7.00**	**231.50**

महेश कुमार
संयुक्त सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।